OFFICE OF THE REGISTRAR, UNIVERSITY OF LUCKNOW

# कुलसचिव कार्यालय

(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उ0प्र0,—226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

Ref. No.:- M-11459-74

Date :- 01/07/25

सेवा में,

डॉ0 मुकुल श्रीवास्तव,
इन्चार्ज, वेबसाइट,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय,

मा0 कार्य परिषद की बैठक संख्या 03/2025 दिनांक 25-06-2025 के कार्यवृत्त की छायाप्रति संलग्न कर आपको इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः— यथोपरि।

भवदीया

Bmisra

(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ,
## (नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)
**कार्य परिषद की बैठक (संख्या 03/2025) दिनांक 25-06-2025 की कार्यवृत्त**

**उपस्थिति**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 आलोक कुमार राय, कुलपति** | **अध्यक्ष** |
| 2. | प्रो0 मनुका खन्ना, प्रति कुलपति | सदस्य |
| 3. | प्रो0 भुवनेश्वरी भारद्धाज, संकायध्यक्ष, अभिनव गुप्त संकाय | सदस्य |
| 4. | प्रो0 ए0के0 सिंह, संकायाध्यक्ष, अभियान्त्रिकी संकाय | सदस्य |
| 5. | प्रो0 नीरज मिश्रा | सदस्य |
| 6. | प्रो0 आर0के शुक्ल | सदस्य |
| 7. | प्रो0 श्रवण कुमार | सदस्य |
| 8. | प्रो0 बबिता जायसवाल | सदस्य |
| 9. | प्रो0 अजय कुमार आर्या **(ऑनलाइन माध्यम)** | सदस्य |
| 10. | प्रो0 हरिश्चन्द्र राम | सदस्य |
| 11. | डॉ0 रितू नारंग | सदस्य |
| 12. | डॉ0 अलका मिश्रा | सदस्य |
| 13. | डॉ0 सुरेश प्रसाद कन्नौजिया | सदस्य |
| 14. | डॉ0 अन्नामलाई सेंथल | सदस्य |
| 15. | डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य | सदस्य |
| 16. | जस्टिस रंजना पांडया | सदस्य |
| 17. | प्रो0 कल्पलता पाण्डेय **(ऑनलाइन माध्यम)** | सदस्य |
| 18. | डॉ0 भावना मिश्रा, कुलसचिव | सचिव |

श्री विद्या नन्द त्रिपाठी, परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं श्रीमती हिमानी चौधरी, वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ विशेष आमन्त्रित सदस्य के रूप में बैठक में उपस्थित रहें। कुलसचिव/सचिव, कार्य परिषद द्वारा सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात मा0 कार्य परिषद द्वारा नवनियुक्त कुलसचिव डॉ0 भावना मिश्रा का अभिनन्दन किया गया।

बैठक के आरम्भ में कार्य परिषद सदस्य डॉ0 कृष्णा जी श्रीवास्तव, हिन्दी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के आकस्मिक निधन पर कार्य परिषद द्वारा शोक प्रस्ताव पारित किया गया। तत्पश्चात नवागत कार्य परिषद सदस्य, प्रो0 बबिता जायसवाल, पुस्तकालय विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, एवं डॉ0 अलका मिश्रा, ऐसोसिएट प्रोफेसर, गणित एवं खगोल विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ का स्वागत किया गया तथा निवर्तमान कार्य परिषद सदस्य, प्रो0 अरूण कुमार, शिक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को कार्य परिषद सदस्य के रूप में दिये गये सहयोग एवं योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कार्य परिषद के समस्त मा0 सदस्यों के स्वागतोपरान्त कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद की अनुमति से कुलसचिव/सचिव, कार्य परिषद द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

Anisha

# बैठक की कार्यसूची 03/2025

**विनिश्चय संख्या 2025/03/01:-** कार्य परिषद की बैठक (संख्या 01/2025) दिनांक 10-03-2025 एवं आकस्मिक बैठक (संख्या 02/2025) दिनांक 08-05-2025 की कार्यवृत्ति एवं कृत कार्यवाही आख्या मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**कार्य परिषद की बैठक (संख्या 01/2025) दिनांक 10-03-2025 एवं आकस्मिक बैठक (संख्या 02/2025) दिनांक 08-05-2025 की कार्यवृत्त एवं कृत कार्यवाही आख्या को निम्नांकित संशोधनोपरान्त मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गयाः–**

**मा0 कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक संख्या 02/2025 दिनांक 08.05.2025 की कार्यवृत्त एवं कृत कार्यवाही आख्या को निम्नवत संशोधनों से साथ पढ़ा एवं समझा जाय।**

**1.** शिक्षकों के स्थायीकरण से सम्बन्धित प्रस्ताव के अन्तर्गत वनस्पति विज्ञान विभाग के क्रमांक 1 पर अंकित डॉ0 कविता अरोरा, असिस्टेंट प्रोफेसर का नाम संशोधित करते हुए **डॉ0 कविता अरोड़ा** पढ़ा एवं समझा जाय।

**2.** शिक्षकों के स्थायीकरण से सम्बन्धित प्रस्ताव के अन्तर्गत वनस्पति विज्ञान विभाग के क्रमांक 5 पर अंकित डॉ0 संजय सिंह यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर की जन्म तिथि 08.08.1989 के स्थान पर दिनांक **09.09.1989** पढ़ा एवं समझा जाय।

**3.** शिक्षकों के स्थायीकरण से सम्बन्धित प्रस्ताव के अन्तर्गत राजनीति शास्त्र विभाग के क्रमांक 3 पर अंकित डॉ0 जितेन्द्र कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, की कार्यभार ग्रहण तिथि दिनांक 06.09.2022 अपरान्ह् तथा स्थायीकरण तिथि दिनांक 06.09.2023 अपरान्ह् के स्थान पर कार्यभार ग्रहण दिनांक **06.09.2022 पूर्वान्ह** तथा स्थायीकरण तिथि दिनांक **06.09.2023 पूर्वान्ह** पढ़ा एवं समझा जाय।

**4.** शिक्षकों के स्थायीकरण से सम्बन्धित प्रस्ताव के अन्तर्गत प्राचीन भारतीय एवं पुरातत्व विभाग के क्रमांक 05 पर अंकित डॉ0 गरिमा सिंह के स्थान पर **डॉ0 गरिमा भारती** पढ़ा एवं समझा जाय।

**विनिश्चय संख्या 2025/03/02:-** लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/संस्थानों की गत दिनों सम्पन्न चयन समिति सम्बन्धी विषयों पर निर्णय।

**लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/संस्थानों की गत दिनों सम्पन्न चयन समितियों की संस्तुतियों के सील बंद लिफाफों को कार्य परिषद के सम्मुख खोले जाने हेतु मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा कुलसचिव/ सचिव कार्य परिषद को निर्देश प्रदान किया गया।**

**तत्पश्चात विभिन्न चयन समिति की संस्तुतियों के सील बंद लिफाफे मा0 कार्य परिषद के समक्ष खोले गये, समिति की संस्तुतियों का विवरण निम्नवत हैं:–**

**कैरियर एडवान्समेंट योजना (CAS) के अन्तर्गत Department of Education, Faculty of Education की दिनांक 12-06-2025, Department of Ancient Indian History and Archaeology, Faculty of Arts की दिनांक 13-06-2025, Department of Psychology, Faculty of Arts की दिनांक 14-06-2025, Department of Philosophy की दिनांक 25-06-2025 को सम्पन्न स्क्रीनिंग/चयन समिति की निम्नांकित संस्तुतियों पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गयाः–**

| क्रम संख्या | शिक्षक का नाम | पद नाम | विभाग का नाम | प्रोन्नति का पद नाम | अनुमन्य तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Anitya Gaurav | Associate Professor | Deparetment of Ancient Indian History and Archaeology | Professor (Stage-5/Level 14) | 27-09-2023 |
| 2. | Dr. Akanksha Singh | Associate Professor | Deparetment of Education | Professor (Stage-5/Level 14) | 05-05-2025 |
| 3. | Dr. Arpana Godbole | Associate Professor | Deparetment of Education | Professor (Stage-5/Level 14) | 03-06-2017 |
| 4. | Dr. Manini Srivastava | Assistant Professor | Deparetment of Philosophy | Assistant Professor (Stage-3/Level 12) | 27-08-2024 |
| 5. | Dr. Rajendra Kumar Verma | Associate Professor | Deparetment of Philosophy | Professor (Stage-5/Level 14) | 04-09-2022 |
| 6. | Dr. Rajni Srivastava | Associate Professor | Deparetment of Philosophy | Professor (Stage-5/Level 14) | 22-09-2020 |
| 7. | Dr. Rajeshwar Prasad Yadav | Associate Professor | Deparetment of Philosophy | Professor (Stage-5/Level 14) | 22-09-2020 |
| 8. | Dr. Archana Shukla | Associate Professor | Deparetment of Psychology | Professor (Stage-5/Level 14) | 22-09-2020 |

**विनिश्चय संख्या 2025/03/03:-** प्रो0 अरूण कुमार, शिक्षा शास्त्र विभाग को डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली के School of Education Studies (SES) में प्रोफेसर के पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु दिनांक 27.05.2025 से दिनांक 26.05.2026 तक (एक. वर्ष) के लिए वेतन रहित असाधारण अवकाश स्वीकृत करते हुए शिक्षा विभाग में प्रोफेसर के पद पर धारणाधिकार सहित दिनांक 26.05.2025 की अपरान्ह् से कार्यमुक्त किये जाने हेतु मा0 कार्य परिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में (मा0 कुलपति महोदय की अनुमति के अनुपालन में) निर्गत पत्र संख्या टी–9495–500 दिनांक 26.05.2025 मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संज्ञानित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/04:-** डॉ0 शैलजा भारती, द्वारा समाज कार्य विभाग में संचालित जन स्वास्थय एवं सामुदायिक चिकित्सा में सहायक आचार्य, (संविदा) के पद प्रस्तुत त्यागपत्र दिनांक 17.04.2025 के क्रम में निर्गत उन्हें दिनांक 17.04.2025 के अपरान्ह् से सहायक आचार्य, (संविदा) समाज कार्य विभाग (जन स्वास्थय एवं सामूदायिक चिकित्सा) ल0वि0वि0 के पद से कार्यमुक्त किये जाने के संबंध में निर्गत पत्र संख्या App.-8693-97 दिनांक 07.05.2025 मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संसूचित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/05:-** कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक दिनांक 08.05.2025 के विनिश्चय संख्या 2025/02/01 पर शासन द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार वर्तमान सत्र के लिए सहयुक्तता सम्बन्धी अग्रेतर प्राप्त होने वाले प्रस्तावों पर नियमानुसार निर्णय लिये जाने हेतु मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद को अधिकृत किया गया था, तत्क्रम में शासन द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 20.06.2025 के दृष्टिगत प्राप्त प्रस्तावों पर मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। तद्नुसार संलग्न सूची में अंकित महाविद्यालयों को पत्र निर्गत कर दिये गयें है। सम्बन्धित महाविद्यालयों की सूची मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा वर्तमान सत्र के लिए सहयुक्तता के सम्बन्ध्य में प्रेषित निम्नांकित सूची में अंकित महाविद्यालयों की सूची पर सर्वसम्मति से कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी:–**

# सहयुक्तता सम्बन्धी सूची सत्र 2025—26

| क्र.स. | महाविद्यालय का नाम | पाठ्यक्रम का नाम | स्थायी/अस्थायी सहयुक्तता हेतु प्रस्ताव |
|---|---|---|---|
| | | स्थायी सहयुक्तता | |
| 1. | खेतान जी लॉ कालेज, तिरवा, लखीमपुर रोड़, सीतापुर | विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से स्थायी सहयुक्तता |
| 2. | रायल प्रूडेन्स डिग्री कालेज, सीतापुर रोड़, लखीमपुर खीरी। | एम0ए0 (चित्रकला, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान एवं शिक्षा शास्त्र) तथा बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से स्थायी सहयुक्तता |
| 3. | बी0एस0एन0वी0पी0जी0 कालेज, स्टेशन रोड़, चारबाग, लखनऊ। | एम0एस0सी0 (भूगर्भ विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व गणित), एम0 कॉम0 एवं एम0ए0 (राजनीति विज्ञान) | सत्र 2025—26 से स्थायी सहयुक्तता |
| 4. | अम्बालिका इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, टिकरा, मौरावां, मोहनलाल गंज, लखनऊ। | बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 एवं बी0कॉम पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से स्थायी सहयुक्तता |
| 5. | सेन्ट मदर टेरेसा लॉ डिग्री कालेज, बाघामऊ, गोमती नगर, लखनऊ। | विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से स्थायी सहयुक्तता |
| 6. | रेडियन्ट कालेज ऑफ लॉ, अमेठिया सलेमपुर, काकोरी, हरदोई रोड़, लखनऊ। | विधि त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से स्थायी सहयुक्तता |
| 7. | यशराज इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, गोमती नगर, लखनऊ। | बी0कॉम0 पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से स्थायी सहयुक्तता |
| 8. | त्रिवेणी काशी महाविद्यालय, सेमरी, रायबरेली | बी0ए0 (प्राचीन भारतीय इतिहास, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, राजनीति विज्ञान एवं समाज शास्त्र) बी0एस0सी0 (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान व वनस्पति विज्ञान) पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से स्थायी सहयुक्तता |
| 9. | वामदेव सिंह महाविद्यालय, अंधना, दहावा, सिधौली, सीतापुर | बी0ए0 हिन्दी अंग्रेजी, गृह विज्ञान,इतिहास, समाज शास्त्र, राजनीति शास्त्र एवं अर्थशास्त्र | सत्र 2025—26 से स्थायी सहयुक्तता |
| 10. | बाबू पं0 रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी महाविद्यालय, रायबरेली। | बी0ए0 अतिरिक्त विषय एवं बी0कॉम0 | सत्र 2025—26 से स्थायी सहयुक्तता |
| 11. | बाबू भीषम सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, गोझरी, रायबेली | बी0ए0 अतिरिक्त विषय (चित्रकला, मनोविज्ञान,राजनीति शास्त्र, इतिहास एवं अंग्रेजी) तथा एम0ए0 समाज शास्त्र अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र एवं हिन्दी पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से स्थायी सहयुक्तता |
| | | अस्थायी सहयुक्तता | |
| 1. | रामपाल सिंह महावीर सिंह कृषि महाविद्यालय, पाताबोझ, महोली, सीतापुर | बी0एस0सी0 कृषि पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 2. | महात्मा बुद्ध लोक कल्याण एवं ग्राम्य विकास संस्थान, निघासन, लखीमपुरखीरी | एम0ए0 (हिन्दी, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र, एवं शिक्षा शास्त्र) पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 3. | पं0 शिवराम शुक्ला गंगादेवी महिला डिग्री कालेज, निगोहा, लखनऊ। | बी0ए0 एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 4. | सत्यभामा कालेज ऑफ एजुकेशन, भौकापुर, बेंती, लखनऊ। | बी0ए0 एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 5. | प्रबन्धक कैरियर गर्ल्स डिग्री कालेज, सेक्टरः—5, विकास नगर, लखनऊ। | एम0ए0 अंग्रेजी एवं एम0एस0सी0 वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 6. | प्रबन्धक कैरियर गर्ल्स डिग्री कालेज, सेक्टरः—5, विकास नगर, लखनऊ। | एम0ए0 हिन्दी व समाज शास्त्र एवं एम0कॉम0 वाणिज्य एवं व्यवहारिक अर्थशास्त्र पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 7. | आर0ए0एस0टी डिग्री कालेज, अलीनगर सुनेहरा रोड, लखनऊ। | एम0ए0 हिन्दी,समाज शास्त्र, गृह विज्ञान व शिक्षा शास्त्र एवं एम0कॉम0 वाणिज्य पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 8. | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर, महिला महाविद्यालय, अलीगंज, लखनऊ। | एम0एस0सी0 जन्तु विज्ञान पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 9. | आजाद डिग्रीकालेज,नटकुर,चन्द्रावल,बिजनौर,लखनऊ। | बी0एस0सी0 एवं बी0 कॉम0 पाठयक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 10. | गीता डिग्री कालेज, गोमती नगर, लखनऊ। | बी0ए0 एवं बी0एस0सी0 पाठयक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 11. | फिरोज गॉधी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, रतापुर, रायबरेली | बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठयक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 12. | सीतापुर मौर्य बालिका महाविद्यालय, तमरमपुर, रोहनिया, ऊँचाहार, रायबरेली। | बी0ए0 पाठयक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 13. | शेख मिस्टर मियाँ मो0 उमर महाविद्यालय, गौरी फखरूद्दीन, गौसगंज, हरदोई। | बी0ए0 एवं बी0एस0सी0 पाठयक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 14. | श्रीमहिपाल सिंह महाविद्यालय, खुमारीपुर, हरदोई। | एम0एस0सी0 भौतिक विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान पाठयक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 15. | श्रीमहिपाल सिंह महाविद्यालय, खुमारीपुर, हरदोई। | एम0एस0सी0 रसायन विज्ञान पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 16. | श्रीमहिपाल सिंह महाविद्यालय, खुमारीपुर, हरदोई। | एम0एस0सी0 गणित पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 17. | एस0एस0 डिग्री कालेज, जतुली, हरियावॉ, हरदोई। | एम0ए0 चित्रकला, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान एवं भूगोल पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 18. | मान्यवर काशीराम लॉ कालेज, शाहाबाद, हरदोई। | विधि त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 19. | अजयपाल सिंह महाविद्यालय, नेकपुर हातिमपुर, साण्डी, हरदोई। | एम0ए0 हिन्दी पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से 02 वर्षो के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 20. | अजयपाल सिंह महाविद्यालय, नेकपुर हातिमपुर, साण्डी, हरदोई। | एम0एस0सी0 गणित एवं भौतिक विज्ञान पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से 02 वर्षो के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 21. | अजीम मेमोरियल नेशनल डिग्री कालेज, बेनीपुर, बिसवा, सीतापुर | एम0ए0 राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से 02 वर्षो के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 22. | सूरजन देवी अनुसूइया देवी डिग्री कालेज, गंगागंज, लखनऊ। | एम0ए0 हिन्दी पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से 02 वर्षो के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 23. | लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय, गोसाईगंज, लखनऊ। | एम0कॉम0 वाणिज्य पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से 02 वर्षो के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 24. | सी0बी0 गुप्ता बी0एस0एस0 महाविद्यालय, चन्द्रावल, बिजनौर रोड, लखनऊ। | एम0कॉम0 वाणिज्य पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से 02 वर्षो के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 25. | टी0 डी0 एल लॉ कालेज, कासिमपुर, बिरूहा, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ। | विधि त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से 02 वर्षो के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 26. | अजीम मेमोरियल नेशनल डिग्री कालेज, बेनीपुर, बिसवा, सीतापुर | एम0एस0सी जन्तु विज्ञान पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से 02 वर्षो के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 27. | मानवोदय महाविद्यालय, आई0आई0एम0 रोड, लखनऊ। | बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से 03 वर्षो के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 28. | शिवपाल सिंह यादव डिग्री कालेज, महिलाबाद, लखनऊ। | बी0 कॉम0 पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से 03 वर्षो के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 29. | पं0 जगन्नाथ मिश्र लॉ कालेज, पुरे भैरों मिश्र, लालगंज, रायबरेली। | विधि त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से 03 वर्षो के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 30. | कंचन डिग्री कालेज, मनेहरू, रायबरेली | बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम | सत्र 2025—26 से 03 वर्षो के लिए अस्थायी सहयुक्तता |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 31. | नत्थनबानों बाबू खाँ जनता डिग्री कालेज, पाली, हरदोई। | बी0एस0सी0 भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान व गणित पाठ्यक्रम | सत्र 2025–26 से 03 वर्षों के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 32. | रघुनन्दन हौशला बक्श अभय सिंह लॉ कालेज, हरैया, कोथावाँ, सण्डीला, हरदोई। | विधि त्रिवर्षीय एवं पंच वर्षीय पाठ्यक्रम | सत्र 2025–26 से 03 एवं 05 वर्षों के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 33. | स्काई लॉ कालेज, नटकुर चन्द्रावल, बिजनौर, सरोजनी नगर, लखनऊ। | विधि त्रिवर्षीय एवं पंच वर्षीय पाठ्यक्रम | सत्र 2025–26 से 03 एवं 05 वर्षों के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 34. | अजीम मेमोरियल लॉ कालेज, बेनीपुर, बिसवाँ, सीतापुर। | विधि त्रिवर्षीय एवं पंच वर्षीय पाठ्यक्रम | सत्र 2025–26 से 03 एवं 05 वर्षों के लिए अस्थायी सहयुक्तता |
| 35. | श्री लालजी सिंह जीवन ज्योति विधि महाविद्यालय, कोहरैया कला, परसेण्डी, सीतापुर। | विधि त्रिवर्षीय एवं पंच वर्षीय पाठ्यक्रम | सत्र 2025–26 से 03 एवं 05 वर्षों के लिए अस्थायी सहयुक्तता |

**विनिश्चय संख्या 2025/03/06:-** उच्च शिक्षा अनुभाग–1,उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 622/सत्तर–1–2025–16 (11)/2024 टी0सी0 दिनांक 09.06.2025 द्वारा शिक्षा विभाग की समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों हेतु जारी शैक्षणिक कैलेण्डर 2025–26 के अनुपालन में मा0 कुलपति महोदय के आदेश के अनुपालन में लखनऊ विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सहयुक्त समस्त महाविद्यालयों हेतु शैक्षणिक कैलेण्डर 2025–26 लागू करने के संबंध में निर्गत कार्यलय आदेश संख्या जी0 ए0–10633–99 दिनांक 13.06.2025 मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संसूचित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

## अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S01:** भवन एवं कार्य समिति की दिनांक 26-05-2025 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा भवन एव्रं कार्य समिति की बैठक दिनांक 26-05-2025 की कार्यवृत्ति पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S02:** डॉ0 प्रगति कुशवाहा, असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय में सेवाभार ग्रहण करने के पूर्व कार्यरत संस्था में दिनांक 07.05.2018 से 18.07.2022 तक की अवधि को Career Advancement Scheme के अर्न्तगत प्रोन्नति लाभ प्रदान करने के लिए सेवाएं आगणित करने सम्बन्धी प्रकरण मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा नियमानुसार कार्यवाही किए जाने हेतु सर्वसम्मति अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S03:** डॉ0 शशि पाण्डेय, असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय में सेवाभार ग्रहण करने के पूर्व कार्यरत संस्था में दिनांक 15.12.2017 से 20.07.2022 तक की अवधि को Career Advancement Scheme के अर्न्तगत प्रोन्नति लाभ प्रदान करने के लिए सेवाएं आगणित करने सम्बन्धी प्रकरण मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा नियमानुसार कार्यवाही किए जाने हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S04:** प्रो0 मनोज दीक्षित तत्कालीन कुलपति, डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा पद पर रहते हुए की गई वित्तीय अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के विरूद्ध आई0जी0आर0एस0 संदर्भ संख्या–17211772100313 1 पर अंकित सर्वेन्द्र विक्रम सिंह, तत्कालीन कार्य परिषद सदस्य, डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के शिकायती पत्र दिनांक 02.03.2022 एवं श्री राजेश कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष कर्मचारी परिषद, डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के शिकायती पत्र दिनांक 05.12.2019 पर अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में दिनांक 24.07.2024 को सम्पन्न बैठक की कार्यवृत्त मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत।

मा0 कार्य परिषद द्वारा अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में दिनांक 24.07.2024 को सम्पन्न बैठक की कार्यवृत्त के अनुसार कार्यवाही सम्पादित किये जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S05:** श्रीमती स्मिता माथुर, पुत्री स्व0 अवधेश कुमार माथुर द्वारा अपने पिता के नाम पर स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने के संबंध में प्रस्तुत अनुरोध पत्र में प्रस्तुत निम्नवत प्रस्तावानुसार स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रकरण मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुतः–

**To award a Gold Medal to a student of Cannings Collegs, University of Lucknow Campus, in B.Sc. (Final)- 3 years degree course, satisfying the following criterion**

- **who qualifies in all three years in his/her first attempt, and**
- **secures highest sum of marks totaled for all three years,**
- **in the subject of Physics**
- **in a position of tie, the student elder in age to get the medal**
- **beginning from convocation for the year 2025, if possible**

**मा0 कार्य परिषद द्वारा नियमानुसार कार्यवाही किए जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान कियां गया।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S06:** अधिष्ठाता, अकाद्मिक द्वारा Industry Relation Cell के गठन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**प्रो0 गीतांजली मिश्रा, अधिष्ठाता, ऐकेडमिक द्वारा प्रस्ताव के संक्षिप्त सार से मा0 कार्य परिषद को अवगत कराया गया। कार्य परिषद द्वारा Industry Relation Cell के गठन पर हर्ष व्यक्त किया गया साथ ही अधिष्ठाता, अकाद्मिक को Cell का Constitution तैयार करने हेतु निर्देशित किया एवं तैयार Constitution पर अनुमोदन हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S07:** अधिष्ठाता, अकाद्मिक द्वारा Sustainable Development Goal Cell के गठन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**प्रो0 गीतांजली मिश्रा, अधिष्ठाता, ऐकेडमिक द्वारा प्रस्ताव के संक्षिप्त सार से मा0 कार्य परिषद को अवगत कराया गया। कार्य परिषद द्वारा Sustainable Development Goal Cell के गठन पर हर्ष व्यक्त किया गया साथ ही अधिष्ठाता, अकाद्मिक को Cell के Constitution तैयार करने हेतु निर्देशित किया एवं तैयार Constitution पर अनुमोदन हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S08:** अधिष्ठाता, अकाद्मिक द्वारा Community Relation Cell के गठन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**प्रो0 गीतांजली मिश्रा, अधिष्ठाता, ऐकेडमिक द्वारा प्रस्ताव के संक्षिप्त सार से मा0 कार्य परिषद को अवगत कराया गया। कार्य परिषद द्वारा Community Relation Cell के गठन पर हर्ष व्यक्त किया गया साथ ही अधिष्ठाता, अकाद्मिक को Cell के Constitution तैयार करने हेतु निर्देशित किया एवं तैयार Constitution पर अनुमोदन हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S09:** डॉ0 भुवनेश्वरी भारद्धाज, सह आचार्य, संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय को अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट आफ एस्थेटिक्स एण्ड शैव फिलॉस्पी संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में प्रोफेसर के पद पर कार्यभर ग्रहण करने हेतु निर्गत पत्र संख्या App-5040 दिनांक 10.03.2025 में अंकित समयावधि को दिनांक 15.06.2025 तक विस्तारित करते हुए उक्त प्रोफेसर पद पर परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने तक और स्थायीकरण होने तक पूर्व कार्यरत संस्कृत विभाग के सह आचार्य के पद पर कार्य परिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में वेतन रहित असाधारण अवकाश स्वीकृति के साथ धारणाधिकार सहित दिनांक 30.05.2025 से कार्यमुक्त किये जाने के संबंध में मा0 कुलपति महोदय के आदेशोपरान्त निर्गत पत्र संख्या T-9636-43 दिनांक 29.05.2025 मा0 कार्य परिषद के समक्ष संसूचनार्थ प्रस्तुत।

**प्रो0 भुवेनश्वरी भादद्धाज द्वारा अधिष्ठाता, शैव फिलॉस्फी संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के रूप में कार्य परिषद की बैठक में प्रतिभाग करने पर मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात मा0 कार्य परिषद ने प्रकरण पर संज्ञानित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S10:** डॉ0 बृजेश कुमार, सह आचार्य, भौतिक विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ का दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के भौतिक विज्ञान विभाग में आचार्य के पद पर कार्य भार ग्रहण करने हेतु दिनांक 26.06.2025 की अपरान्ह से 01 वर्ष तक के लिए कार्य परिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में वेतन रहित असाधारण अवकाश स्वीकृत किये जाने के संबंध में मा0 कुलपति महोदय के आदेशोपरान्त निर्गत पत्र संख्या T-11062-68 दिनांक 24.06.2025 मा0 कार्य परिषद के समक्ष संसूचनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संसूचित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S11:** डॉ0 रोली वर्मा, भौतिक विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ का दिल्ली विश्वविद्यालय के भौतिक एवं खगोल विभाग में सह आचार्य के पद पर कार्य भार ग्रहण करने हेतु दिनांक 23.06.2025 की अपरान्ह से 01 वर्ष तक के लिए कार्य परिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में वेतन रहित असाधारण अवकाश स्वीकृत किये जाने के संबंध में मा0 कुलपति महोदय के आदेशोपरान्त निर्गत पत्र संख्या T-10932-37 दिनांक 20.06.2025 मा0 कार्य परिषद के समक्ष संसूचनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संसूचित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S12:** सुश्री विजेता, असिस्टेंट प्रोफेसर (संविदा) प्रबंध विज्ञान संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत त्याग पत्र पर कार्य परिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में सुश्री विजेता, असिस्टेंट प्रोफेसर (संविदा), प्रबंध विज्ञान संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय को दिनांक 30.04.2025 की अपरान्हे से कार्यमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में मा0 कुलपति द्वारा प्राप्त अनुमोदन पर में निर्गत पत्र संख्या T-8565-69 दिनांक 03-05-2025 मा0 कार्य परिषद के समक्ष संसूचनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संसूचित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S13:** कुलानुशासक कार्यालय में 02 संविदा सुरक्षा गार्ड (सेना से सेवानिवृत्त) की सेवायें 01 दिन का व्यवधान देते हुए दिनांक 12.04.2025 से अग्रिम 11 माह हेतु विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में निर्गत पत्र संख्या पी–8540–43 दिनांक 06.05.2025 मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संसूचित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S14:** जनसंख्या अनुसंधान केन्द्र (पी0आर0सी0), अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में विज्ञापित फील्ड इन्वेस्टीगेटर के 03 पदों (नियमित वेतनमान) के चयन के सम्बन्ध में गठित चयन समिति की दिनांक 15.04.2025 को सम्पन्न बैठक की कार्यवृत्ति एवं अभ्यर्थियों की उपस्थिति मूल रूप में (बंद लिफाफा) मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत।

**जनसंख्या अनुसंधान केन्द्र (पी0आर0सी0), अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में विज्ञापित फील्ड इन्वेस्टीगेटर के 03 पदों (नियमित वेतनमान) के चयन के सम्बन्ध में गठित चयन समिति की दिनांक 15.04.2025 को सम्पन्न चयन समिति के सील बंद लिफाफों को कार्य परिषद के सम्मुख खोले जाने हेतु मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा कुलसचिव/सचिव कार्य परिषद को निर्देश प्रदान किया गया।**

**तत्पश्चात चयन समिति की संस्तुतियों के सील बंद लिफाफे मा0 कार्य परिषद के समक्ष खोले गये। समिति की निम्नवत संस्तुतियों पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गयाः–**

| पद नाम | विभाग | श्रेणी | संस्तुति | प्रतीक्षा सूची |
|---|---|---|---|---|
| फील्ड इन्वेस्टिगेटर | पापुलेशन रिसर्च सेंटर, अर्थशास्त्र विभाग | अनारक्षित | श्री रवि कुमार दुबे | श्री प्रशान्त शेखर |
| फील्ड इन्वेस्टिगेटर | पापुलेशन रिसर्च सेंटर, अर्थशास्त्र विभाग | अन्य पिछडा वर्ग | डॉ0 विजय यादव | श्री विजय कुमार वर्मा |
| फील्ड इन्वेस्टिगेटर | पापुलेशन रिसर्च सेंटर, अर्थशास्त्र विभाग | अनुसूचित जाति | श्री प्रमोद कुमार | श्री सज्जन कुमार बैरवा |

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S15:** लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में विगत कई वर्षो से स्ववित्तपोषित योजान्तर्गत नियत वेतन भोगी तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पुनः पूर्व की भॉति 11 माह हेतु सेवाविस्तार किये जाने के संबंध में मा0 कुलपति महोदय द्वारा मा0 कार्य परिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा के क्रम में दिनांक 03.05.2025 से 11 माह हेतु विस्तारित किये जाने के संबंध में निर्गत पत्र संख्या P-9818-26 दिनांक 31.05.2025 मा0 कार्य परिषद के समक्ष संसूचनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संसूचित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S16:** लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में विगत कई वर्षो से नियत वेतन भोगी तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों जिनका वेतन सामन्य निधि से किया जाता है को पुनः पूर्व की भॉति 11 माह हेतु सेवाविस्तार किये जाने के संबंध में मा0 कुलपति महोदय द्वारा मा0 कार्य परिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा के क्रम में दिनांक 03.05.2025 से 11 माह हेतु विस्तारित किये जाने के संबंध में निर्गत पत्र संख्या P-9827-36 दिनांक 31.05.2025 मा0 कार्य परिषद के समक्ष संसूचनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संसूचित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

**विनिश्चय संख्या 2025/03/S17:** लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यरत अनानुमोदित कर्मचारियों के मृत्योपरान्त उनके आश्रितों को मृतक आश्रित के रूप में सेवायोजित किये जाने सम्बन्धी प्रकरणों पर विचार हेतु गठित समिति की बैठक की संस्तुति/आख्या (बंद लिफाफा) मा0 कार्य परिषद के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**समिति की बैठक की संस्तुति/आख्या के बंद लिफाफे को कार्य परिषद के सम्मुख खोले जाने हेतु मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा कुलसचिव/सचिव कार्य परिषद को निर्देश प्रदान किया गया।**

**समिति की संस्तुतियों/आख्या पर विचारोपरान्त मा0 कार्य परिषद द्वारा कुलसचिव को निर्देश प्रदान किया गया कि समिति द्वारा की गई संस्तुतियों को पूर्णता में अध्ययन कर उसकी संक्षिप्त आख्या तैयार कर प्रकरण आगामी कार्य परिषद की बैठक में विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत करें। अग्रेतर यह भी निर्देशित किया गया कि समिति की संस्तुतियों को पूर्णतः गोपनीय रखा जाय।**

- प्रो0 मनुका खन्ना, सदस्य कार्य परिषद/प्रतिकुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि उनको प्रो0 मुन्ना सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा एक मेल प्रेषित किया गया है, जिसमे अपर मुख्य सचिव, कुलाधिपति द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित पत्र संख्या:-ई-1665/जी0एस0 दिनांक:-17.03.2025 के क्रम में कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है।

इस पर कुलसचिव/सचिव, कार्य परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि उनको भी प्रो0 मुन्ना सिंह द्वारा इसी संदर्भ की मेल प्राप्त हुई है, जिसके क्रम कुलसचिव द्वारा प्रो0 मुन्ना सिंह के प्रकरण की क्रमवार सूचना संकलित कर ली गयी है।

तदोपरान्त कार्य परिषद सदस्यों द्वारा प्रकरण के सम्बन्ध में उपलब्ध प्रपत्रों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। सम्यक् विचारोपरान्त प्रकरण के सम्बन्ध में निम्न तथ्य प्रकाश में आए:-

1. सरस्वती सम्मान हेतु प्रो0 मुन्ना सिंह द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र ना तो संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय/विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा अग्रसारित कराया गया था और ना ही कुलसचिव कार्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अग्रसारण की कार्यवाही की गयी, जो कि नियमतः एक अनवार्य **(mandatory)** प्रक्रिया है।
2. सरस्वती सम्मान हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र के अवलोकन से यह भी प्रकाश में आया कि संदर्भित आवेदन पत्र कुलपति, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के पदनाम से आवेदित किया गया था जिसमें पत्राचार का पता भी कुलपति, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अंकित किया गया था।
3. उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रो0 मुन्ना सिंह को सरस्वती सम्मान हेतु प्रदत्त प्रमाण-पत्र प्रो0 मुन्ना सिंह, कुलपति, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के पदनाम से ही दिया गया है।

उक्त तथ्यों पर सम्यक् विचारोपरान्त मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से निम्नवत निर्णय लिया गया:-

" प्रो0 मुन्ना सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के अनुरोध दिनांक:-30.03.2023 दिनांक:-08.07.2024 एवं दिनांक:-22.06.2025 का कोई विधिसम्मत व उचित आधार न पाये जाने के कारण सरस्वती सम्मान हेतु प्रो0 मुन्ना सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ का दो वर्ष के सेवाविस्तारण का कोई औचित्य नही पाया गया"।

अतः प्रो0 मुन्ना सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को दो वर्ष का सेवाविस्तार प्रदान किया जाना विधिसम्मत नही है।

तत्पश्चात कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद की अनुमति से कुलसचिव/सचिव, कार्य परिषद द्वारा समस्त मा0 कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

Bmisha 25/06/2025

डॉ0 भावना मिश्रा
कुलसचिव/सचिव

25/06/25

प्रो0 आलोक कुमार राय
कुलपति/अध्यक्ष